तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, गुरुवार 11 सितंबर 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

12 सेजस में हुई शिक्षक सम्मान व विदाई समारोह



10 कैट ने महापौर से की हैंडीक्राफ्ट मार्केट, एक्जीबिशन डोम की मांग



## खबर संक्षेप

### योगी आदित्यनाथ से जनसेवक शिवम तिवारी ने की मुलाकात



**बेमेतरा।** भाजपा कार्यकर्ता जनसेवक शिवम तिवारी ने उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट की। उन्होंने मुख्यमंत्री को माता भद्रकाली का तैलचित्र भेंट कर बेमेतरा नगर आगमन का निमंत्रण दिया। योगी आदित्यनाथ ने निमंत्रण को सहर्ष स्वीकार करते हुए शीघ्र ही छत्तीसगढ़ प्रवास की योजना पर विचार करने की बात कही। मुलाकात के बाद शिवम तिवारी ने बताया कि मुख्यमंत्री का स्वभाव अत्यंत सरल और आत्मीय है, उनसे बातचीत में विशेष अपनापन का अनुभव हुआ।

### नवोदय विद्यालय में चार छात्रों का हुआ चयन

**बेमेतरा।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय सिंघौरी के कक्षा दसवीं के छात्र मुरलीधर सिन्हा ने नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में सफलता हासिल की है। उनका चयन कक्षा ग्यारहवीं में हुआ है। इस उपलब्धि पर छात्र के माता-पिता बोधन राम सिन्हा एवं सरोज सिन्हा ने हर्ष व्यक्त किया। विद्यालय के प्राचार्य रामगोपाल चंद्राकर एवं शिक्षक विनोद साहू ने भी शुभकामनाएं दी। प्राचार्य चंद्राकर ने बताया कि मुरलीधर के साथ-साथ संस्था की छात्राएं माधवी मंडावी, टोमन और संजना साहू का भी चयन हुआ है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि छात्रों की मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता व शिक्षकों को दिया और आगे भी निरंतर मेहनत करने का संकल्प व्यक्त किया।



### मंदिर में चोरी करने वाले दो युवक पकड़ाए

**भिलाई।** मंदिर में चोरी करने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर दो युवक जेल तिराहा देवांगन होटल के पास चोरी करने की बात कर रहे थे। सूचना पर पदमनाभपुर पुलिस मौके पर पहुंची जिसमें कादम्बरी नगर थाना मोहन नगर निवासी आदर्श द्विवेदी और पवन साहू को पकड़ा गया। पूछताछ करने पर दो मंदिर राधा कृष्ण हनुमान मंदिर कसारीडीह में 3500 रूपये और बोरसी हाट बाजार स्थित शनिदेव मंदिर से दान पेटी मे 3 हजार रूपये, राम जानकी मंदिर कोहका चौक की दान पेटी से 10 हजार, तीन दर्शन मंदिर कोहका चौक के दान पेटी से 6 हजार रुपए , हनुमान मंदिर कोहका चौक चिल्हर पैसे, शिव मंदिर भेलवा चौक नेहरू नगर से चिल्हर चोरी करना स्वीकार किया। घटना में उपयोग किए गए बाइक व लोहे के राड को भी जब्त किया है। कार्रवाई में प्रभारी राज कुमार लहरे की टीम का योगदान रहा है।

### ईंट मारकर एक युवक की हत्या

**भिलाई।** जन्म दिन की पार्टी में पिछवाड़े पर किक मारने को लेकर विवाद हुआ। विवाद इतना बढ़ गया कि युवक के सिर पर ईंट पत्थर पटकर मौत के घाट उतार दिया गया। घटना में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना को अंजाम देने वाले दो नाबालिग और दो युवक शामिल हैं। पुलिस ने तीन को पकड़ लिया है। वहीं चौथा आरोपी पुलिस पकड़ से बाहर है। नेवई पुलिस ने बताया कि स्टेशन मरोदा निवासी रोशन कुमार उर्फ बेंद्रा सोमवार की रात दोस्तों के साथ जन्म दिन की पार्टी मनाने स्टेशन मरोदा के सरकारी स्कूल में गया था।

# औद्योगिक निवेश को मिलेगा नया आयाम, युवाओं के लिए बढ़ेंगे रोजगार के अवसर

## जिला निवेश प्रोत्साहन समिति की बैठक में औद्योगिक माहौल बेहतर बनाने पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

कलेक्टर रणबीर शर्मा की अध्यक्षता में जिला निवेश प्रोत्साहन समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न हुई। बैठक में जिले में औद्योगिक निवेश को बढ़ावा देने, नई औद्योगिक इकाइयों की स्थापना और उद्यमियों को प्रोत्साहित करने पर विस्तृत चर्चा की गई।

कलेक्टर शर्मा ने कहा कि बेमेतरा कृषि प्रधान और संसाधन संपन्न जिला है, जहां खाद्य प्रसंस्करण, एग्री-बेस्ड यूनिट्स, कोल्ड स्टोरेज, लघु उद्योग, हैंडीक्राफ्ट, हैंडलूम और सर्विस सेक्टर में निवेश की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि यदि इन अवसरों का सही उपयोग किया गया तो जिले में रोजगार के अवसर दोगुने होंगे और स्थानीय युवाओं का पलायन रुकेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि उद्योग स्थापना से जुड़ी सभी प्रक्रियाएं सरल, पारदर्शी और समयबद्ध हों। एनओसी, बिजली आपूर्ति, श्रम विभाग की औपचारिकताएं और पर्यावरण व वन विभाग की मंजूरियां सिंगल विंडो सिस्टम से तेजी से पूरी की जाएं, ताकि निवेशकों को किसी प्रकार की अड़चन न आए।



### निवेशकों के लिए अत्यंत उपयोगी

कलेक्टर ने कहा कि राज्य सरकार की औद्योगिक नीति और निवेश प्रोत्साहन योजनाएं निवेशकों के लिए अत्यंत उपयोगी हैं। भूमि, बिजली, कर रियायत, प्रशिक्षण और वित्तीय सहयोग जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि इन योजनाओं की जानकारी गांव-गांव और शहर-शहर तक पहुंचाई जाए। उन्होंने सुझाव दिया कि जिले के पहचान वाले उत्पादों जैसे धान, सब्जी, दुग्ध उत्पाद और हस्तशिल्प के आधार पर क्लस्टर उद्योग स्थापित किए जाएं, जिससे किसानों और कारीगरों को सीधा लाभ मिले। बैठक में अपर कलेक्टर डॉ. अनिल बाजपेई, जिला उद्योग महाप्रबंधक राकेश चौरसिया, प्रबंधक लोकपाल खांडेकर सहित समिति के सदस्य एवं अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## जायजा

**कुंरा में आधे बच्चे नदारद, मारो के प्राचार्य सहित 5 कर्मचारियों को नोटिस**

# डीईओ ने स्कूलों का किया निरीक्षण शिक्षक रहे नदारद, बच्चों की संख्या आधी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/नवागढ़

जिला शिक्षा अधिकारी जीआर चतुर्वेदी मंगलवार को अचानक नवागढ़ ब्लॉक के स्कूलों का जायजा लेने पहुंचे। निरीक्षण में कहीं बच्चों की भीड़ आधी दिखी, तो कहीं गुरुजन ही गायब मिले। डीईओ साहब ने तत्काल नोटिस थमाया और साफ संकेत दे दिया कि अब लापरवाह कर्मचारियों को बख्शा नहीं जाएगा।

सुबह करीब 9.55 बजे जब डीईओ कुंरा की प्राथमिक शाला पहुँचे तो प्रार्थना हो रही थी, मगर सुर-ताल ऐसे बिखरे थे जैसे बिना अभ्यास का बैंड बज रहा हो। स्कूल में दर्ज 112 बच्चों में से मात्र 65 उपस्थित मिले। डीईओ ने प्रधान पाठक और स्टाफ को सख्त निर्देश दिए कि अनुपस्थित बच्चों के पालकों से संपर्क कर उपस्थिति सुधारें। इसके अलावा जब अभिलेख मांगे गए तो प्रधान पाठक कैश बुक ही प्रस्तुत नहीं कर सके। अधूरी व्यवस्था देखकर डीईओ ने वहीं पर कारण बताओ नोटिस जारी किया।

### विपक्ष बोला- शिक्षा मंदिर बन गया लेट-लतीफों का अड्डा





### मारो सेजेस : गुरुजन ही गैरहाज़िर

इसके बाद चतुर्वेदी मारो के सेजेस स्कूल पहुंचे। यहां नजारा और भी निराला था प्रार्थना का समय, बच्चे कतार में और प्राचार्य सरिता गुप्ता समेत पाँच शिक्षक ही नदारद। अनुपस्थितों में गीतिका दुबे, सीमा साहू, सिद्धार्थ पांडेय और आयुषी दीवान के नाम शामिल हैं। कड़े लहजे में डीईओ ने कहा— बिना प्रार्थना के स्कूल वैसा ही है जैसे सुबह की चाय बिना चीनी। सभी गैरहाजिरों पर शो-कॉज नोटिस जारी हुआ और स्पष्ट निर्देश दिए गए कि समयपालन में अब ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### विपक्ष का हमला : कागज़ी रिपोर्टों से नहीं चलेगा काम

निरीक्षण के बाद विपक्ष भी सक्रिय हो गया। पूर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष अंजलि दद्दू मार्कण्डेय ने तीखा बयान देते हुए कहा— कुंरा स्कूल में आधे बच्चे नदारद और मारो में प्राचार्य समेत पाँच गुरुजन गैरहाज़िर। यह शिक्षा मंदिर है या लेट-लतीफों का अड्डा? विभाग केवल कागज़ी रिपोर्टों पर भरोसा कर रहा है, जबकि सच्चाई ज़मीन पर अलग है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर शासन-प्रशासन ने ठोस कदम नहीं उठाए तो विपक्ष सड़क पर उतरकर आंदोलन करेगा। बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ अब बर्दाश्त नहीं होगा।

# वार्ड तीन में सीसी रोड निर्माण का विधायक दीपेश ने किया भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 3 में आज सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन विधायक दीपेश साहू के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। यह सड़क पुसैया साहू के घर से घनश्याम चंद्राकर के घर तक लगभग 7.95 लाख की लागत से बनाई जाएगी।

स्थानीय नागरिकों ने विधायक साहू का आभार जताते हुए कहा कि इस सड़क के बन जाने से न केवल आवागमन सुगम होगा बल्कि नगर के समग्र विकास को भी गति मिलेगी। अपने संबोधन में विधायक दीपेश साहू ने कहा कि बेमेतरा नगर का सतत विकास उनका संकल्प है। उन्होंने कहा – नगर के प्रत्येक वार्ड में सीसी रोड, नाली, पेयजल और रोशनी जैसी बुनियादी सुविधाएँ सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिकता है। विकास केवल कागजों पर नहीं बल्कि धरातल पर दिखना चाहिए।

उन्होंने कहा कि यह सड़क निर्माण कार्य उसी दिशा में एक ठोस कदम है। साथ ही विधायक ने जनता का विश्वास और सहयोग ही अपनी ताकत बताते हुए बेमेतरा को आदर्श नगर बनाने का संकल्प दोहराया।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा, पार्षद पंचू साहू, विकाश तम्बोली, गौरव साहू, रोशन दत्ता, रेवा राम निषाद, ओमेश्वरी साहू, दीनानाथ साहू सहित भाजपा कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे।

# पाहन्दा-जमघट मार्ग गड्ढे में तब्दील, राहगिरों को खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

पाहन्दा से जमघट होते हुए प्रसिद्ध सोमनाथ मंदिर तक जाने वाली करीब 7 किमी लंबी सड़क पूरी तरह जर्जर हो चुकी है। इस मार्ग पर बड़ी संख्या में छोटे-बड़े गड्ढे हो गए हैं। कई गड्ढे एक से सवा फीट गहरे हैं, जिससे लोगों की जान रोजाना जोखिम में पड़ रही है।

- जनपद उपाध्यक्ष बोले -15 दिन में सड़क नहीं बनी तो होगा आंदोलन

बेरला जनपद उपाध्यक्ष शुभम वर्मा ने सड़क की स्थिति पर कड़ी नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों को खतरनाक गड्ढे पार कर सोमनाथ मंदिर दर्शन करने का निमंत्रण दिया गया है। यदि 15 दिन में सड़क की मरम्मत शुरू नहीं हुई तो आंदोलन किया जाएगा।



### निर्माण में अटका पेंच

जमघट के मुखिया सूरज तिवारी ने बताया कि सड़क निर्माण के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन विभाग से एनओसी नहीं मिलने के कारण काम अटका हुआ है।

### पूरी तरह उखड़ी सड़क

ग्रामीणों ने बताया कि इस सड़क से किसान, मजदूर, शिक्षक और छात्र प्रतिदिन आवागमन करते हैं। मंदिर जाने वाले श्रद्धालु भी इसी मार्ग से गुजरते हैं। लेकिन सड़क पूरी तरह उखड़ चुकी है। अब भारी वाहन तो दूर, मोटरसाइकिल व दोपहिया चलाना भी जोखिम भरा हो गया है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि आए दिन मोटरसाइकिल सवार और पैदल चलने वाले गिर जाते हैं। बरसात के दिनों में हालात और खराब हो जाते हैं। गांव की सड़कों की स्थिति खराब होने से ग्रामीणों को रोजगार के बेहतर अवसर भी नहीं मिल पा रहे। महिलाओं और बुजुर्गों को बाहर निकलना तक मुश्किल हो जाता है।

**गाड़ी पर न नंबर प्लेट, न रजिस्ट्रेशन, सिर्फ एडवोकेट का लोगों**

# 15 पेटी शराब लदी कार सांकरा में पलटी, दो गिरफ्तार, चालक फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/बेरला

ग्राम सांकरा में मंगलवार की दोपहर शराब तस्करों की करतूत का बड़ा राज़ खुल गया। बेरला की ओर से तेज रफ्तार में आ रही लाल रंग की ऑल्टो अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। कार पलटने की आवाज सुनते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे तो वहां नजारा चौंकाने वाला था। गाड़ी से शराब की तीखी गंध आ रही थी और बोतलों के गिरने की आवाज सुनाई दे रही थी।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि हादसे के तुरंत बाद ड्राइवर मौके से फरार हो गया। ग्रामीणों ने कार के भीतर झांककर देखा तो कई पेटियों में शराब की बोतलें भरी थीं। इस पर तुरंत थाना बेरला को सूचना दी गई। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जब तलाशी ली गई तो कार से 269 नग शोले-मसाला की बोतलें और करीब 13 से 15 पेटियां बरामद हुईं। जब्त की गई लाल ऑल्टो कार पर न तो आगे और न ही पीछे नंबर प्लेट लगी थी। खास बात यह रही कि वाहन के फ्रंट ग्लास पर एडवोकेट का लोगो चिपका हुआ था। ग्रामीणों का कहना है कि बिना नंबर प्लेट की यह गाड़ी लंबे समय से क्षेत्र में घूम-घूमकर अवैध शराब की खेप सप्लाई कर रही थी।





### ग्रामीणों में आक्रोश-पुलिस चेकिंग पर उठे सवाल

स्थानीय लोगों ने कहा कि रोजाना पुलिस चेकिंग और चालानी कार्रवाई की खबरें आती रहती हैं, लेकिन इसके बावजूद इतनी बड़ी शराब की खेप बेरोक-टोक पहुंच रही है। इससे साफ है कि तस्करों के हौसले बुलंद हैं और पुलिस की कार्रवाई सिर्फ दिखावा बनकर रह गई है। लोगों ने पुलिस प्रशासन से कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

### दो आरोपी गिरफ्तार पुलिस नेटवर्क खंगाल रही

थाना प्रभारी कृष्णकांत सिंह ने बताया कि लाल ऑल्टो में अवैध शराब ले जाने के आरोप में दो व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। फिलहाल पूरे नेटवर्क की जांच की जा रही है और यह पता लगाया जा रहा है कि इतनी बड़ी मात्रा में शराब कहां से लाई जा रही थी और किन लोगों तक सप्लाई होनी थी।

## नारको को-ऑर्डिनेशन, सड़क सुरक्षा एवं नशा मुक्ति पर समन्वय बैठक सम्पन्न

# नशामुक्ति के लिए ठोस कदम आवश्यक : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

कलेक्टर रणबीर शर्मा की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट स्थित दिशा सभाकक्ष में नारको को-ऑर्डिनेशन सेंटर (एनकॉर्ड), सड़क सुरक्षा, नशा मुक्त भारत अभियान, पशु क्रूरता निवारण तथा नवीन कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक में एसपी रामकृष्ण साहू, अपर कलेक्टर डॉ. अनिल बाजपेयी, डीएसपी राजेश झा, आरटीओ अरविंद भगत, आबकारी विभाग व समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

बैठक में बीते माह लिए गए बिंदुओं व सुझावों की प्रगति की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि नशीले पदार्थों का बढ़ता प्रचलन युवाओं का भविष्य खतरे में डाल रहा है। इसे रोकने के लिए पुलिस और प्रशासन मिलकर कठोर कदम उठाएँगे। एसपी साहू ने बताया कि जिले में अब तक कई नशा कारोबारियों पर कार्रवाई की गई है और मादक पदार्थ जब्त किए गए हैं। उन्होंने कहा कि जागरूकता और संगठित प्रयास ही स्थायी समाधान है।



शिक्षण संस्थानों में जागरूकता पर जोर

बैठक में निर्णय लिया गया कि स्कूलों और कॉलेजों में नशा विरोधी अभियान चलाए जाएंगे। समाज कल्याण विभाग को विशेष कार्यक्रमों व प्रचार-प्रसार के माध्यम से नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी समाज तक पहुँचाने के निर्देश दिए गए।


### सड़क सुरक्षा उपाय

आरटीओ भगत ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग और बेरला क्षेत्र में सड़क दुर्घटनाओं की संख्या अपेक्षाकृत अधिक है। ब्लैक स्पॉट चिन्हांकित कर स्पीड ब्रेकर, संकेतक बोर्ड लगाए गए हैं। कलेक्ट्रेट के सामने सड़क सुरक्षा हेतु स्पीड लिमिट बोर्ड, डिवाइडर और मास्ट लाइट की व्यवस्था के लिए एनएचएआई को पत्राचार किया जाएगा।

### पशु क्रूरता पर सख्ती

बैठक में पशु क्रूरता निवारण पर भी चर्चा हुई। पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया कि पशुओं की अवैध खरीद-फरोख्त पर गश्त के दौरान सख्त कार्रवाई होगी। समय पर सूचना मिलने पर दोषियों पर कठोर कदम उठाए जाएंगी।

# भाजपा ही ओबीसी समाज की सच्ची हितैषी: होरीलाल सिन्हा



**बेमेतरा।** नव निर्वाचित उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन को बधाई देते हुए भाजपा ओबीसी मोर्चा ने आतिशबाजी व मिठाई वितरण कर खुशी जताई। कार्यक्रम में विधायक दीपेश साहू, जिलाध्यक्ष अजय साहू, पूर्व जिलाध्यक्ष राजेंद्र शर्मा, नपाध्यक्ष विजय सिन्हा, ओबीसी मोर्चा प्रदेश मंत्री होरीलाल सिन्हा, जिला अध्यक्ष राजू देवांगन, शहर मंडल अध्यक्ष युगल देवांगन, मोंटी साहू, पंचू साहू, विकास तंबोली, गौरव साहू, निखिल साहू, लक्की साहू, रेवा राम निषाद, प्रनीश रजक, दोहाई वर्मा, डॉ. अनिल रजक, डॉ. विनय साहू, चंद्रशेखर वर्मा, रोशन दत्ता, दीनानाथ साहू, नरेश साहू, नागेश वर्मा, देव नाथ साहू व पप्पू देवांगन सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस मौके पर होरीलाल सिन्हा ने कहा कि भाजपा ने सदैव ओबीसी समाज को सम्मान दिया है। प्रधानमंत्री से लेकर उपराष्ट्रपति तक महत्वपूर्ण पदों पर समाज का प्रतिनिधित्व हुआ है। ओबीसी आयोग को संवैधानिक दर्जा, शिक्षा में 27 प्रतिशत आरक्षण और विभिन्न योजनाओं से ओबीसी समाज का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित किया गया है।

